Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide employment to people of Panna in Madhya Pradesh whose land has been acquired for Lalitpur-Khajuraho-Panna-Satna Broad Gauge railway line project –laid.

श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो): पश्चिम मध्य रेलवे के इंजीनियरिंग (निर्माण) विभाग के द्वारा रेलवे बोर्ड पत्र दिनांक 28.9.2010 से ललितपुर- खजुराहो-पन्ना- सतना नई बी.जी. लाइन तथा रीवा- सीधी- सिंगरौली बी.जी. लाइन के लिये भूमि अधिग्रहण की गई | उक्त योजना से प्रभावित विस्थापित परिवारों को महाप्रबंधक कार्यालय जबलपुर के पत्र भर्ती/122/भूमि अधिग्रहण दिनांक 14.10.2016 के अनुसार एक सदस्य को रेलवे में नियुक्ति दिये जाने का प्रावधान किया गया था जिसके अनुरूप 85 लोगों को नियुक्ति प्रदान भी की गई परन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पन्ना के 32 गाँवों के 1721 प्रभावित लोगों के द्वारा नौकरी हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर रेलवे विभाग द्वारा यह कह कर अमान्य किए जा रहे हैं कि उक्त आवेदन 11/11/2019 के बाद जमा किए गए है जिस के कारण नियुक्ति नहीं दी जा सकती । अतः मैं अनुरोध करता हूँ कि इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द नियुक्ति प्रदान करें ।